30-35
30-35 रुपए प्रति किलो

प्रतिदिन सकारात्मक पत्रकारिता का 20 वाँ वर्ष अखबार प्रभात

# थाने के लिये जनशक्ति सड़क पर

## खोलापुरी गेट थाने के स्थानांतरण का विरोध



**प्रतिनिधि, 14 नवंबर**

**अमरावती-** खोलापुरी गेट थाने की इमारत स्थानांतरित करने का मुद्दा गरमाने लगा है. बुधवार को पुलिस आयुक्त से गुहार लगाने वाले हजारों नागरिकों ने गुरूवार को पहले जिलाधीश पश्चात विभागीय आयुक्तालय पर दस्तक दी. मोर्चा दौरान विधायकों के हस्तक्षेप से मुद्दे को काफी बल मिला. संभागीय आयुक्त के ठोस आश्वासन के बाद नागरिक संतृष्ट हुए. खोलापुरी गेट थाना अंतर्गत हैदरपुरा, हनुमान नगर, केवले प्लॉट, खरकाडीपुरा, मालीपुरा, महाजनपुरा, गांधी आश्रम, आमले प्लॉट, दत्तू वाड़ी, बाबा चौक, आनंद नगर के सभी महिला-पुरूष गुरूवार की सुबह एकत्रित हुए.

▶▶ हजारों नागरिकों का मोर्चा
▶▶ विधायकों ने किया हस्तक्षेप



*अमरावती : संभागीय आयुक्तालय के बाहर जमा क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ तथा नीचे आयुक्त बन्सोड को ज्ञापन देते भाजपा के विधायक प्रवीण पोटे, विधायक रवि राणा, शिवसेना के महानगर प्रमुख दिगम्बर डहाके व अन्य नागरिक.* **फोटो - जय स्टूडियो, अमरावती.**

### थाने को हाथ न लगाएं

नागरिकों का कहना रहा कि 1986 के पूर्व यह हिस्सा नागपुरी गेट थाने में आता था. लगातार झगड़े व आबादी के बढ़ने से 1986 में जनता के आग्रह पर खोलापुरी गेट ने पुलिस चौकी बनी. उसी वर्ष दंगा होने से जीवित व संपत्ति की क्षति हुई. 1992 में फिर से दंगा होने पर चौकी को थाने में परिवर्तित किया गया.

### अतिसंवेदनशील क्षेत्र

चुनाव दौरान अतिसंवेदनशील क्षेत्र घोषित किया है. थाने के चलते कानून व सुव्यवस्था बनी रहती है. 3 नवंबर को दत्तू वाडी में तनाव बना. थाने के चलते कोई अप्रिय घटना नहीं हुई. क्षेत्र का पार्षद फहमिदा नसरीन पर कातिलाना हमला हुआ था. 1952 से बड़ा पोला यहा भरता है.

### शांति के लिए विरोध

खोलापुरी गेट अंतर्गत जैन धर्म का तीर्थक्षेत्र का मार्ग जाता है. मुख्य इदगाह व कब्रस्तान बना है. किसानों का रोजाना आवागमन होता है. स्कूल, अस्पताल व मंदिर रहने से सुरक्षा जरूरी है. शांति के लिए विरोध करने की दलील दी.

### सब हुए एकजुट

खोलापुरी थाने के मुद्दे पर गणेशदास **शेष पृष्ठ 15 पर**

### सीपी पर भरोसा नहीं

रवि राणा ने सीपी पर उखडते हुए आरोप लगाया कि सीपी को कानून नहीं समझता. थाने का उद्घाटन तत्काल रोकें. सीपी पर हमें विश्वास नहीं. संभागीय आयुक्त से आग्रह कर सीपी को निर्देश देने व गृहमंत्री को निवेदन भेजने की सलाह दी. इतना ही नहीं अगर थाने की इमारत हटती है तो तीव्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी.

### हटाने की वजह क्या?

शिवसेना महानगर प्रमुख दिगंबर डहाके ने पक्ष रखते हुए कहा कि अतिसंवेदनशील क्षेत्र का पुलिस थाना हटाने की वजह समझ से परे है. यह फितूर किसके दिमाग का है. यहां केवल 40 लोगों का स्टाफ है. थाने में कर्मचारी संख्या बढाने की बजाए थाना हटाने का विचार करना उचित नहीं.

### थाना हर हाल में हटेगा

इस बीच सीपी अजीत पाटिल ने स्पष्ट किया कि खोलापुरी गेट थाना हर हाल में हटेगा. 50 लाख रू. की लागत से नई इमारत बनी है. पुराना थाना नई इमारत में स्थानांतरित किया जाएगा. खोलापुरी गेट में पुलिस चौकी दी जाएगी. विविध संगठनों व नेताओं के विरोध के बावजूद कानून व सुव्यवस्था की दृष्टि से थाना हटाने के संकेत सीपी ने दिए.

# विविध हादसों में 3 की मौत, 6 गंभीर



*तिवसा : ट्रक के नीचे घूसी इंडिका कार इस कदर चकनाचूर हो गयी.*

### इंडिगो ट्रक में घुसी
### तिवसा के पास कार ने किसान को कुचला
### एक्सप्रेस हाइवे पर ट्रैक्टर से 3 कुचले

**प्रतिनिधि, 14 नवंबर**

**अमरावती -** बीते 24 घंटों में विभिन्न हादसों में तीन लोगं की मौत हो गयी. जबकि 6 लोग गंभीर रुप से घायल हो गये. बडनेरा के पास एक्सप्रेस हायवे पर गुरुवार दोपहर ट्रैक्टर की ट्रॉली का एक पल्ला अचानक खुल जाने से 3 युवक बुरी तरह जख्मी हो गए. एक की बाद में मौत हो गई. अन्य दो का जिला अस्पताल में उपचार शुरू है. राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 6 पर तिवसा के समीप हुए दो हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. वहीं अकोला रोड के मूर्तिजापुर क्षेत्र के काटेपुर्णा रेल लाइन पर एक युवक की गाडी से कटकर मौत हो गई.

बताया जाता है कि ट्रैक्टर ट्रॉली (एमएच-27/ए-8516) में ईंटे लेकर विलास नगर में खाली की गई. फिर ट्रैक्टर बडनेरा की ओर लौट रहा था तब बायी ओर का पल्ला खुल गया. जिसके आधार पर बैठे तुषार संजय वरठे (19), राहुल नामदेव सयाम (20) और गोलू पाठक बुरी तरह जख्मी हो गए. नेरपरसोपंत का रहनेवाले राहुल की मौत हो गई. जबकि तुषार और गोलू का उपचार शुरू है. बडनेरा पुलिस ने एएसआय रामराव बढे की शिकायत पर दफा 279, 337, 338, 304 अ के तहत अपराध दर्ज किया है.

नागपुर से ट्रक (एमएच-31/सीबी-1843) एक्साइड की बैटरियां लेकर अमरावती की ओर आ रहा था. इसी दौरान रात 12.30 बजे के लगभग पीछे से आ रही इंडिगो कार (एमएच-27/एआर-5389) ट्रक में जा घुसी. इस हादसे में कार में सवार तीनों यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल मस्जिद मन्सूरी (55, मूर्तिजापुर), कय्यूम मन्सूरी **शेष पृष्ठ 15 पर**

# बदल गया 'रामलीला' का नाम



### आज से शहर में प्रदर्शन
### भंसाली ने बढ़ाया शीर्षक

**प्रतिनिधि, 14 नवंबर**

**अमरावती -** हिंदू धर्म के कथित अवमानना के लिए विवादों में घिरी 'रामलीला' फिल्म का शहर में शुक्रवार को बदले नाम 'गलियों की रासलीला रामलीला' के साथ प्रदर्शन किया जा रहा है. स्थानीय प्रभात, बिग सिनेमा और ऑरबिट में एक साथ इसे प्रदर्शित किए जा रहा है. सुबह 9 बजे विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता व पदाधिकारी प्रभात टॉकीज में फिल्म देखेंगे. बता दे कि दिल्ली के कडकडडूमा कोर्ट ने फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाई थी. निर्माता द्वारा अपील किए जाने के बाद हाइकोर्ट ने इस रोक को रद्द कर दिया. जिसके बाद अब देश में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक शुक्रवार, 15 नवंबर को फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा है. चैनलों की खबर के अनुसार निर्माता-निर्देशक संजय लीला भंसाली ने कोर्ट-कचहरी से बचने के लिए फिल्म के नाम में 'गलियों की रासलीला' शब्द जोडकर नाम विस्तार किया है.

# चांदूर बाजार में तनावपूर्ण शांति




*चांदूर बाजार : गुरुवार की सुबह कर्फ्यू हटाये जाने के बाद बाजार में चहल-पहल.*

### 24 गिरफ्तार
### स्पेशल आयजी बिपिन बिहारी ने किया मुआयना

**राजाभाऊ देशमुख, 14 नवंबर**

**चांदूर बाजार -** स्थानीय बेलोरा ऑटो स्टॉप पर बुधवार की दोपहर दुपहिया से धक्का लगने के मामूली विवाद के बाद हुए गुटीय संघर्ष के चलते रात भर कर्फ्यू के बाद गुरुवार को भी तनावपूर्ण शांति बनी रही. कुछ इलाकों में तो बाजार भी बंद रहे. पुलिस ने 24 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि दोनों पक्षों के 200 से अधिक लोगों पर मामले दर्ज किए गए हैं. बेलोरा ऑटो स्टॉप पर बुधवार की दोपहर दुपहिया से धक्का लगने के बाद हुए विवाद में दो समुदाय आमने-सामने आ गए थे. गुटीय संघर्ष में एक सिपाही सहित 10 लोग घायल हो गए. सूचना मिलते **शेष पृष्ठ 15 पर**

# 32 हजार की बिजली चोरी उजागर



### 7 लोगों को दो दिन का अल्टिमेटम
### महावितरण का हैदरपुरा में अभियान

**प्रतिनिधि, 14 नवंबर**

**अमरावती -** शहर के 6 फीडरों पर की जा रही लोडशेडिंग को बंद करने की मांग को देखते हुए महावितरण ने सोमवार से बिजली चोरी और बकाया बिल के खिलाफ जबर्दस्त अभियान छेडा है. गुरुवार की तडके महावितरण के सहायक कार्यकारी अभियंता भगत के मार्गदर्शन में दस्ते ने हैदरपुरा इलाके में जांच अभियान शुरू किया.

गुरुवार की सुबह 7 से 9 बजे तक हैदरपुरा क्षेत्र में चलाए गए अभियान में 7 घरों में मीटर में तार डालकर बिजली चोरी की जा रही थी. दस्ते ने कुल 32 हजार 200 रुपए की बिजली चोरी उजागर की है. इस मामले में 7 लोगों को दो दिन के भीतर बकाया बिल भरने के निर्देश दिए गए है. बिल न भरे जाने की स्थिति में फौजदारी मामले दर्ज करने की बात कहीं गई है.

### *इंजीनियरिंग छात्र द्वारा आत्महत्या*

***अमरावती-*** *पीआर पोटे इंजीनियरिंग कॉलेज में द्वितीय वर्ष के छात्र अक्षय गजानन काले (22 विद्युतनगर) ने बुधवार की रात 8.10 बजे जहर गटका. अक्षय को तुरंत इर्विन अस्पताल लाने पर डाक्टरों ने मृत घोषित किया. अक्षय के पिता मूर्तिजापुर में कृषि विभाग में कार्यरत है. अक्षय ने जब आत्मघाती कदम उठाया तब घर में कोई नहीं था.उसकी आत्महत्या का कारण ज्ञात नहीं हो पाया.*



फोटो - जय स्टूडियो, अमरावती.

***अमरावती:*** *चोरों द्वारा अनासाने के मकान में तोड़ा गया तिजोरी का लॉकर*

# मोहन कॉलोनी में 2.50 लाख की चोरी

### कटर से काटे गेट

**प्रतिनिधि, 14 नवंबर**

**अमरावती-** गाडगेनगर थाना अंतर्गत कैम्प परिसर की पॉश मोहन कॉलोनी में 2.50 लाख की चोरी गुरूवार को उजागर हुई. चोरों द्वारा कटर से गेट व मुख्य द्वार काटने का सनसनीखेज खुलासा पुलिस पंचनामे में हुआ.

नाले से सटी मोहन कॉलोनी के आखरी छोर में कुसुम सदाशिव अनासाने (70) का मकान है. उपशिक्षाधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त हुई कुसुम अविवाहित है. वह मकान में अकेली रहती है. शनिवार 9 नवंबर को वह अपने भांजे रूपेश शेरेकर (लक्ष्मीनारायण नगर) के घर गई थी. तबीयत खराब होने से वहीं रूकी. गुरूवार की सुबह अपने घर लौटी. घर का ताला देखते ही चोरी का अंदेशा हुआ. तत्काल पुलिस को सूचित किया गया. चोरों ने मकान के 4 गेट मशीन कटर से काटे थे. मुख्य द्वार का ताला भी कटर से काटकर भीतर प्रवेश किया. अलमारी के लॉकर में सलीके से रखी नोटों की गड्डियां उड़ाई. लगभग 2 लाख की कैश में 20 हजार, 10 हजार गड्डियों पर लिखा हुआ था. इसके अलावा 40 ग्राम चांदी भी चोरों ने पार की. बेन्टेक्स की ज्वेलरी को चोरों ने हाथ नहीं लगाया. चोरों ने कटर को घटनास्थल पर ही छोड़ दिया. श्वान पथक व फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की मदद के बावजूद चोरों का सुराग नहीं मिला. पुलिस ने धारा 457,380 के तहत मामला दर्ज किया है.

# लोकल फंड ऑडिट से मनपा में सनसनी



### भ्रष्टाचार के मामले होंगे उजागर
### घोटालेबाजों की नींद उड़ी

**प्रतिनिधि, 14 नवंबर**

**अमरावती -** स्थानीय महापालिका में औरंगाबाद से आयी ऑडिट टीम द्वारा लेखा परीक्षण कार्य शुरू किया गया. मनपा गलियारे में लोकल फंड ऑडिट से सनसनी फैल गई है. चर्चा है कि ऑडिट पूर्ण होने पर भ्रष्टाचार के मामले भी उजागर होंगे. ऑडिट हेतु आयी टीम के कारण घोटालेबाजों की नींद उड़ गई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य सरकार के निर्देश पर सभी स्थानीय स्वराज संस्थाओं का लोकल फंड ऑडिट नगर पालिका तथा जिला परिषद की तर्ज पर किया जाएगा. स्थानीय मनपा के लिए औरंगाबाद के ऑडिटर की टीम नियुक्त की गई है. इस टीम में सहायक संचालक डा.पी.बी. कारदाते, अकाउंट ऑफिसर पी.डी. मोंढे, सहायक अकाउंट ऑफिसर श्रीमती एन.जे. कांबले, सौ.यु.ई. मगर, श्रीमती एस.डी. परलीकर का समावेश है. **शेष पृष्ठ 15 पर**

▶ लाजवाब




### विवाहिता ने की आत्महत्या

**अकोट -** तहसील के अंबाडी जंगल में निलेश गट्टाणी के खेत में कार्यरत राजु दिपक धुर्वे (28, मढीपुर, मोर्शी) की पत्नी सौ. बेबी राजु धुर्वे (25) ने जहर पीकर आत्महत्या कर दी. बताया जाता है कि मामुली छगडे पर तैश में आकर बेबी ने यह कदम उठाया. राजु ने स्वयं पुलिस थाने को घटना की खबर दी. पुलिस मामले की जांच कर रही है.


अब हॉंडा का शोरुम शहर के मध्यस्थल में..
रविवार को सर्विस वर्कशॉप सुबह १० से दोप. २ शुरु रहेगा



Dream NEO
110 cc 74 (HET) kmpl
• हॉंडा के सभी मॉडल्स् उपलब्ध
• सेल्स, सर्विस, स्पेअर्स और सेफ्टी सुविधा
• फ्री/पेड सर्विसिंग शुरु है
JPS Honda
रेल्वे स्टेशन के सामने, अमरावती. ☎ 2660022/2660044

कॉलेज, ऑफिस, बैंक स्टेशनरी व न्यू ईअर २०१४ डायरी
हरे माधव पेपर & स्टेशनरी
प्रभात टॉकीज के पिछे, रामदेवबाबा मंदिर के बाजू में, अम. 9421825204, 2564169
सुनील भाई राजा पेन हाऊस वालों की होलसेल शॉप
स्पेशालिस्ट : स्कूल, कॉलेज, ऑफिस, कम्प्यूटर, स्टेशनरी, बहिखाता,पेन, फाइल, डायरी, पेपर व कलक्यूलेटर के विक्रेता.

कांचिता फैमिली शॉपी
खत्री कॉम्प्लेक्स, वालकट कम्पाउंड, अमरावती.
मेन्स वेअर, लेडिज वेअर, चिल्ड्रन्स वेअर
संपुर्ण परिवार के लिए

शुभारंभ
दि अनंता लॅण्ड डेव्हलपर्स
के नये अत्याधुनिक प्रशस्त कार्यालय का शुभारंभ
स्थान- श्री ओम स्वस्तिक, विद्यानिकेतन स्कूल के पास, राम नगर, अमरावती.
शुक्रवार दि. 15 नवम्बर 2013 को सुबह 11 बजे होन जा रहा हैं, इस अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएँ
शुभेच्छुक - जयंतीभाई परमार
संजीवनी प्रॉपर्टीज्, रुख्मिणी नगर, अमरावती


**भारत खाद्य और नागरिक आपूर्ति : वृद्ध लोगों हेतु अन्न पूर्ण योजना हेतु खाद्यान्न आपूर्ति (आंकड़े लाख टन में) 2009-10 आबंटन (0.61), गेहूं (0.34) कुल (0.95), उठान : चावल (0.40), गेहूं (0.21), कुल (0.61).**